# निदेशालय,
## होम्योपैथिक चिकित्सा सेवायें, उत्तराखण्ड।

पत्रांकः /नि0हो0/1240(सी)/2024–25
दिनांक 28 जनवरी, 2025

"विज्ञप्ति"

उत्तराखण्ड शासन, आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग, की अधिसूचना संख्या–720/XXXX/2015–16/2013, दिनांक 12 मार्च, 2015 के अनुक्रम में होम्योपैथिक विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में संचालित विभिन्न राजकीय चिकित्सालयों में फार्मासिस्ट (भेषजिक) के रिक्त पदों को भरने हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र विभाग की वेबसाईट www.ukhd.in पर लॉगइन कर प्राप्त कर सकते हैं।

(डा0 जे0एल0 फिरमाल)
निदेशक,

---

संख्या–1172/नि0हो0/1240(सी)/2024–25, दिनांकः जनवरी, 2025

<u>प्रतिलिपिः</u>– निम्नलिखित को इस आशय से प्रेषित कि उक्त दृश्य प्रचार को कम से कम पठनीय साईज में सरकारी दरों (डी0ए0वी0पी0) पर प्रकाशित करते हुए तद्विषयक बीजक भुगतान हेतु दो प्रतियों में कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

1. सम्पादक, हिन्दुस्तान, देहरादून, उत्तराखण्ड संस्करण हेतु।
2. सम्पादक, दैनिक जागरण, देहरादून, उत्तराखण्ड संस्करण हेतु।

(डा0 जे0एल0 फिरमाल)
निदेशक।

# निदेशालय होम्योपैथिक चिकित्सा सेवायें, उत्तराखण्ड।
## डाण्डा लखौण्ड, पो0 गुजराड़ा सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून।

पत्रांकः 1172 / नि0हो0 / 1240(सी) / 2024–25 दिनांक 28 जनवरी, 2025

### "विज्ञप्ति"

उत्तराखण्ड शासन, आयुष एवं आयुष शिक्षा विभाग, की अधिसूचना संख्या–720 / XXXX / 2015–16 / 2013, दिनांक 12 मार्च, 2015 के अनुक्रम में होम्योपैथिक विभाग के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में संचालित विभिन्न राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालयों में फार्मासिस्ट (भेषजिक) के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. होम्योपैथिक भेषजिक के रिक्त पदों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | उर्ध्व श्रेणी | रिक्त पद | क्षैतिज आरक्षणवार विवरण | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उत्तराखण्ड महिला 30% | स्व0सं0से0 के आश्रित 02% | भूतपूर्व सैनिक 05% | अनाथ 05% | उत्तराखण्ड के कुशल खिलाड़ी 04% | उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारियों या उनके आश्रित 10% | दिव्यांग 04% | ओपन |
| 01 | अनुसूचित जाति | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 02 | अनुसूचित जनजाति | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 03 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 04 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 |
| 05 | सामान्य | 03 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| **06** | **योग** | **03** | **01** | **00** | **00** | **00** | **00** | **00** | **00** | **02** |

2. **शैक्षिक योग्यताः–** होम्योपैथिक भेषजिक (फार्मासिस्ट) संवर्ग में सीधी भर्ती के लिए निम्नलिखित अर्हताएं होगी।

**(क)** अभ्यर्थी ने उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा एवं परीक्षा परिषद् / उत्तराखण्ड माध्यमिक शिक्षा परिषद् से इण्टरमीडिएट विज्ञान वर्ग (जीव विज्ञान BIOLOGY GROUP) परीक्षा या सरकार द्वारा उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

**(ख)** उत्तराखण्ड सरकार के शासनादेश संख्या–015 / XXXX / 2011–154 / 2010 / आयुष शिक्षा अनुभाग दिनांक 08.01.2011 के द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से दो वर्षीय होम्योपैथिक भेषजिक (फार्मेसिस्ट) डिप्लोमा प्राप्त किया हो।

3. **अधिमानी अर्हताएंः–** अन्य बातो के समान होने पर, ऐसे अभ्यर्थी को अधिमान दिया जायेगा, जिसने–
   **(एक)** प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष की सेवा की हो, या
   **(दो)** राष्ट्रीय कैडेट कोर का ''बी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो, या
   **(तीन)** राष्ट्रीय सेवायोजन का ''सी'' प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो।
4. अभ्यर्थी का उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय में अभ्यर्थी के आवेदन की तिथि तक वैद्य पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. केन्द्र सरकार/राज्य सरकार एवं उनके नियंत्रणाधीन किसी उपक्रम में कार्यरत अभ्यार्थियों को उनके नियोक्ता द्वारा प्रदत्त अनापत्ति प्रमाण पत्र काउसिलिंग के समय मूलरूप में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
6. उत्तराखण्ड, होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड में अभ्यर्थी के आवेदन की तिथि तक पंजीयन का वैद्य प्रमाण पत्र होना चाहिए।
7. भर्ती हेतु अभ्यर्थी के लिए उत्तराखण्ड राज्य की परम्पराओं, रीतियों एवं बोलियों का ज्ञान तथा प्रदेश में विद्यमान विशिष्ट परिस्थितियों में नियुक्ति के लिए उपयुक्त होना वांछनीय होगा।
8. **चयन प्रक्रियाः–** अभ्यर्थियों का चयन "उत्तराखण्ड होम्योपैथिक भेषजिक (फार्मासिस्ट) होम्योपैथिक चिकित्सा सेवायें सेवा नियमावली 2015" के आधार पर किया जायेगा।
9. **आयुः–** कैलेण्डर वर्ष की 01 जनवरी को न्यूनतम आयु 18 एवं अधिकतम आयु 42 वर्ष।
10. **वेतनमानः–** रू0 35400–1,12,400 (लेबल–6)।
11. **आरक्षणः–** उत्तराखण्ड शासन की आरक्षण नीति के अनुसार।
12. **आवेदन शुल्कः–** सामान्य श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिये रू0 300/– एवं आर्थिक रूप से कमजोर श्रेणी के अभ्यार्थियों के लिये रू0 150/– का बैंक ड्राफ्ट, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत तथा "निदेशक, होम्योपैथिक चिकित्सा सेवायें, उत्तराखण्ड देहरादून" के नाम से देय हो, मूल में संलग्न करना अनिवार्य है, आवेदन शुल्क किसी दशा में वापस नहीं किया जायेगा।
13. अभ्यर्थी को आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रमाण–पत्रों की स्वप्रमाणित छाया प्रतियॉ संलग्न करना अनिवार्य है :–
   a)- शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र/अंकतालिका।
   b)- उत्तराखण्ड सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से दो वर्ष का होम्योपैथिक भेषजिक (फार्मासिस्ट) डिप्लोमा।
   c)- होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उत्तराखण्ड में पंजीकरण का वैद्य प्रमाण पत्र।
   d)- मूल निवास/स्थाई निवास प्रमाण पत्र।
   e)- आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण पत्र (आरक्षण की स्थिति में)।
   f)- दो भिन्न–भिन्न राजपत्रित अधिकारियों द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र जो छः माह से पूर्व की अवधि का न हो तथा अभ्यर्थी के सगे–सम्बन्धियों द्वारा निर्गत न किये गये हो ।
   g)- एक पासपोर्ट साईज स्वः प्रमाणित फोटोग्राफ जो आवेदन पत्र पर निर्धारित स्थान पर चस्पा किया गया हो।
   h)- स्वयं का पता लिखे 23x10 सेमी0 के दो लिफाफे जिसमें रजिस्टर्ड डाक टिकट चस्पा हों।
   i)- अन्य योग्यता सम्बन्धित प्रमाण पत्र (यदि कोई हो)।
   j)- उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय में पंजीयन प्रमाण पत्र, जो अभ्यर्थी के आवेदन की तिथि तक वैद्य होना चाहिए।
   k)- पदों की संख्या घट बढ़ सकती है।

13. आवेदन पत्र **"निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवायें, उत्तराखण्ड, डाण्डा लखौण्ड पो0 गुजराड़ा सहस्त्रधारा रोड़ देहरादून"** के पते पर संलग्न प्रारूप पर दिनांक 28.02.2025 तक प्रत्येक दशा में प्राप्त हो जाना चाहिए, तपश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
14. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में **"होम्योपैथिक भेषजिक पद हेतु आवेदन पत्र"** अंकित किया जाये।
15. आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक/स्पीट पोस्ट से ही स्वीकार किए जायेंगे, अन्य साधनों से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
16. अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण/हस्ताक्षर रहित आवेदन पत्रों पर एवं दिनांक 28.02.2025 के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**(डा0 जे0एल0 फिरमाल)**
निदेशक।

# निदेशालय,
## होम्योपैथिक चिकित्सा सेवायें, उत्तराखण्ड देरादून
### डाण्डा लखौण्ड, सहस्त्रधारा रोड़ देहरादून।

**आवेदन पत्र का प्रारूप**

अभ्यर्थी द्वारा स्वप्रमाणित नवीनतम फोटोग्राफ

01– अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में) (i) ..........................................................
**(अंग्रेजी में) (In Blocks Letters) (ii)** ..........................................................

02– पिता/पति का नाम ..........................................................

03– माता का नाम ..........................................................

04– जन्म तिथि (हाईस्कूल प्रमाण पत्र के अनुरूप DD/MM/YYYY)......................
**(शब्दों में)**

05– पत्राचार का पूरा पता ..........................................................

06– स्थायी पता ..........................................................

07– क्या अभ्यर्थी आरक्षित श्रेणी से है (हाँ/नहीं)
यदि हॉ, तो आरक्षित श्रेणी का नाम ..........................................................

**08–** मो0 नं0 ..........................................................

09– शैक्षिक योग्यता :–

| क्र0 सं0 | शैक्षिक योग्यता | बोर्ड का नाम | संस्था का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत | संलग्नक का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | हाईस्कूल | | | | | | |
| 2. | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 3. | होम्योपैथिक भेषजिक पद हेतु उक्त विषय में 02 वर्ष का डिप्लोमा | | | | | | |
| 4. | अन्य | | | | | | |

10– होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उत्तराखण्ड में पंजीकृत संख्या.................. दिनांक ................।

11– उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण क्रमांक.................... दिनाँक.......... जो अभ्यर्थी के आवेदन की तिथि तक वैद्य हो।

12– केन्द्र सरकार/राज्य सरकार एवं उनके नियंत्रणाधीन किसी उपक्रम में कार्यरत है अथवा नहीं है (हाँ/नहीं) ..........................

13– यदि हाँ तो नियोक्ता/संस्थान/विभाग का नाम एवं पता ..........................................................
..........................................................

14– अन्य विवरण (यदि हो तो) ......................

**संलग्नकों का विवरण, (क्रमांक सहित)**

1. शैक्षिक योग्यता का प्रमाण पत्र (वर्षवार) अंकतालिका सहित।
3. मूल निवास/स्थाई निवास प्रमाण पत्र।
4. होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड उत्तराखण्ड में पंजीकरण का वैद्य प्रमाण पत्र।
5. आरक्षण सम्बन्धी प्रमाण–पत्र (वर्तमान में प्रचलित आरक्षण व्यवस्था के अनुसार)
6. दो भिन्न–भिन्न राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण पत्र (जो छः माह से पूर्व की अवधि का न हो तथा अभ्यर्थी के सगे–सम्बन्धियों द्वारा निर्गत न किये गये हो)
7. स्वयं का पता लिखे हुए 23X10 सेमी0 के दो लिफाफे जिसमें रजिस्टर्ड डाक टिकट लगे हों।
8. उत्तराखण्ड राज्य में स्थित किसी सेवायोजन कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र।

**घोषणा पत्र।**

**मैं सत्यनिष्ठा पूर्वक घोषणा करता/करती हूं कि:–**

क. मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएं सत्य हैं। यदि इसमें कोई तथ्य असत्य पाया गया तो मेरा अभ्यर्थन/नियुक्ति निरस्त कर दिया जाये।

ख. मैं उत्तराखण्ड के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में सेवा करने को तैयार हूं।

ग. विभाग द्वारा तैनाती का जो स्थान निर्धारित किया जायेगा, वह मुझे स्वीकार होगा।

दिनांक

आवेदक का नाम........................
आवेदक के हस्ताक्षर..................
पताः...........................................